आकाशवाणी पोर्ट ब्लेयर

दिनांक : 01.11.2024 समय : 0705

<><><><><><><>

- राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर द्वीपसमूह के विभिन्न भागों में कार्यक्रम आयोजित किए गए।
- उप राज्यपाल एडमिरल डी.के. जोशी ने आज अंडमान निकोबार द्वीप समूह के स्थापना दिवस के अवसर पर सभी द्वीपवासियों को हार्दिक शुभकामनाएँ दी हैं।
- खाद्य सुरक्षा विभाग ने भातुबस्ती के एक रेस्तरां में केक में चूहा पाए जाने के बाद रेस्तरां के खिलाफ कार्रवाई की है।
- अंडमान निकोबार रोलर स्केटिंग एसोसिएशन की ओर से राज्य स्तरीय रोलर स्केटिंग चैम्पियनशिप का आयोजन किया जाएगा।

<><><><><><><>

स्वतंत्रता संग्राम में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले तथा देश के पहले उप–प्रधानमंत्री और गृह मंत्री सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के उपलक्ष्य में कल राष्ट्रीय एकता दिवस मनाया गया। राष्ट्रीय एकता की प्रतिबद्धता और असाधारण नेतृत्व के लिए विख्यात सरदार पटेल को भारत के लौह पुरूष के रूप में याद किया जाता है। सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के अवसर पर कल द्वीपसमूह के विभिन्न भागों में कार्यक्रम आयोजित किए गए। खेल और युवा मामले तथा शिक्षा विभाग व अन्य विभागों की ओर से कल राष्ट्रीय एकता दिवस मनाया गया। कल सुबह नेताजी स्टेडियम से एकता दौड़ का आयोजन किया गया। खेल और शिक्षा सचिव एल कुमार ने इस दौड़ को झंडी दिखाकर रवाना किया। राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर सचिवालय में प्रशासन के अधिकारियों और कर्मचारियों को शपथ दिलाई गई। कार निकोबार के विभिन्न क्षेत्रों में भी शपथ दिलाई गई। शहीदों को श्रद्धांजलि देने के लिए पुलिस थाना कार निकोबार की टीम ने रक्तदान शिविर में भाग लिया। कैम्पबेल बे पुलिस थाना की ओर से निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। ननकौड़ी पुलिस थाना की ओर से भी ये प्रतियोगिता आयोजित हुई। कार निकोबार, ननकौड़ी और कैम्पबेल बे में स्वच्छता अभियान चलाया गया। तहसीलदार कार्यालय फरारगंज में तहसीलदार कैस्पर जेम्स के नेतृत्व में अन्य कर्मियों को शपथ दिलाई गई। उन्होंने लोगों के बीच राष्ट्रीय एकता की भावना उत्पन्न करने और समुदाय के बीच आपसी सहयोग को बढ़ावा देने के सिद्धांतों का जिक्र करते हुए सरदार वल्लभभाई पटेल के विचारों को साकार करने का अनुरोध किया।

<><><><><><><>

उप राज्यपाल एडमिरल डी.के. जोशी ने आज अंडमान निकोबार द्वीप समूह के स्थापना दिवस के अवसर पर सभी द्वीपवासियों को हार्दिक शुभकामनाएँ दी है। उप राज्यपाल ने अपने संदेश में कहा कि यह द्वीप विविधता में भारत की एकता का एक शानदार उदाहरण हैं, जिस कारण इसे "मिनी इंडिया" भी कहा जाता है। द्वीपों की संस्कृति भारत के विभिन्न हिस्सों की परंपराओं और रीति–रिवाजों के साथ–साथ हमारी स्वदेशी जनजातियों की अनूठी विरासत के एक सुंदर मिश्रण को दर्शाती है। उन्होंने कहा कि द्वीपों का एक समृद्ध इतिहास है, जो ब्रिटिश राज के दौरान एक दंडात्मक उपनिवेश के रूप में कार्य करता था। सेलुलर जेल स्वतंत्रता के लिए हमारी लड़ाई का एक साक्ष्य है। सुनामी जैसी चुनौतियों के बावजूद, द्वीपवासियों के प्रयास से द्वीपों को एक पर्यटन स्थल के रूप में बदलने में सफलता मिली है।

<><><><><><><>

सतर्कता जागरूकता सप्ताह मनाए जाने के सिलसिले में वाद–विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। टैगोर कॉलेज के सभागार में स्कूली विद्यार्थियों के लिए आयोजित इस प्रतियोगिता में विभिन्न स्कूलों के विद्यार्थियों ने दिए गए विषयों पर अपने विचार रखे। भ्रष्टाचार रोधी इकाई ने भ्रष्टाचार से जुड़ी कोई भी सूचना इकाई में देने का अनुरोध किया है। इसके लिए पुलिस अधीक्षक, उप–पुलिस अधीक्षक या भ्रष्टाचार इकाई के थाना प्रभारी से फोन नम्बर पर भी संपर्क किया जा सकता है।

<><><><><><><>

आत्मनिर्भर गांव बनाने के लिए फरारगंज में प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रधानों, पंचायत सचिवों और पंचायती राज से जुड़े एई तथा जेई के लिए आयोजित इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में खंड विकास अधिकारी ललिता तिग्गा ने प्रशिक्षण के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए ग्रामीण क्षेत्र में आत्मनिर्भरता के महत्व और इस विज़न को प्राप्त करने में स्थानीय प्रशासन की भूमिका पर प्रकाश डाला। प्रशिक्षण के दौरान प्रशिक्षणार्थियों को कई विषयों से अवगत कराया गया। प्रशिक्षणार्थियों ने भी अपने विचार रखे।

<><><><><><><>

कर्मचारी चयन आयोग छः नवम्बर को श्री विजयपुरम परीक्षा केन्द्र में जूनियर इंजीनियर की परीक्षा आयोजित करेगा। परीक्षा के निर्धारित समय से तीन–चार दिन पहले ई–एडमिट कार्ड आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध करा दी जाएगी।

<><><><><><><>

खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा भातुबस्ती के एक रेस्तरां में केक में चूहे का वीडियो वायरल होने के बाद कार्रवाई की गई। खाद्य सुरक्षा अधिकारियों द्वारा इस होटल के कारोबारी परिसर में निरीक्षण किया गया, जहां खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम दो हजार छः का उल्लंघन पाया गया। निरीक्षण में खाद्य कारोबार ऑपरेटर

द्वारा उचित तरीके से कीट नियंत्रण उपायों को नहीं अपनाया गया, जिसके कारण खाद्य परिसर में इस तरह की घटना हुई। नियमों के तहत इस खाद्य परिसर को तुरंत प्रभाव से बंद करने का आदेश दिया गया और सभी खाद्य कारोबार गतिविधियों को स्थगित कर दिया गया। संबंधित कारोबारी के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा त्यौहारों के इस मौसम में मिठाईयों की गुणवत्ता और इसकी शुद्धता को बनाए रखने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है, ताकि लोगों के स्वास्थ्य के साथ कोई खिलवाड़ न हो सके। द्वीपों के खाद्य सुरक्षा आयुक्त ने खाद्य कारोबारी ऑपरेटरों से नियमों का कड़ाई से पालन करने का अनुरोध किया है। उल्लंघनकर्ताओं के खिलाफ नियमों के तहत कार्रवाई की जाएगी।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार प्रदूषण नियंत्रण समिति के अधिकारी आज से होटल सहित द्वीपों के सभी औद्योगिक इकाईयों का निरीक्षण करेंगे। सभी उद्योग मालिकों से कहा गया है कि वे दस्तावेजों के साथ निरीक्षण के दौरान उपस्थित रहें।

<><><><><><><>

मन्नारघाट रेंज अधिकारियों की एक संयुक्त टीम ने विश्वसनीय सूचना के आधार पर, कल स्टीवर्टगंज निवासी एम. अशरफ के निवास पर तलाशी ली। तलाशी के दौरान, टीम ने घर के पीछे झाड़ियों में छिपाए गए हाथ से काटे गए पडाक लकड़ी के एक सौ दस टुकड़े बरामद किया गया। अधिकारियों द्वारा लकड़ी को जब्त कर मन्नारघाट रेंज ऑफिस ले जाया गया। अरोपी को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ भारतीय वन अधिनियम के प्रावधानों के तहत मामला दर्ज किया गया। इस अभियान का नेतृत्व मन्नारघाट रेंज अधिकारी होसेया, ने किया।

<><><><><><><>

स्पेसिफिक लर्निंग डिसाबिलिटिस के लिए जागरूकता उत्पन्न करने के राष्ट्रव्यापी आंदोलन के तहत कला और संस्कृति विभाग की ओर से हाल ही में राष्ट्रीय स्मारक सेल्यूलर जेल को लाल रंग में रोशन किया गया। इसका उद्देश्य एस एल डी के बारे में जागरूकता उत्पन्न करना है, जो भारत की बीस प्रतिशत आबादी को प्रभावित करने का अनुमान लगाया गया है और इसमें पैंतीस मिलियन छात्र शामिल हैं। यह पहल वैश्विक डिस्लैक्सिया जागरूकता माह के सिलसिले में अक्तूबर की शुरूआत में शुरू किए गए राष्ट्रीय अभियान का हिस्सा है। इसका उद्देश्य एस एल डी से जुड़े व्यक्तियों के साथ खड़े रहना है। यह अभियान उन संयुक्त प्रयासों का हिस्सा है, जिसके माध्यम से लर्निंग दिव्यांगता के शिकार प्रत्येक व्यक्तिगत लोगों के मन से खौफ को दूर भगाना है।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार रोलर स्केटिंग एसोसिएशन दो, तीन और नौ नवम्बर को राज्य स्तरीय रोलर स्केटिंग चैम्पियनशिप का आयोजन करेगा। मरीना पार्क मार्ग में शाम चार बजे से आठ बजे के बीच लड़के और लड़कियों के लिए आयोजित होने वाला यह चैम्पियनशिप छः श्रेणियों में होगा। पहले तीन स्थान पाने वालों को मैसूर में पांच दिसम्बर से आयोजित होने वाले राष्ट्रीय रोलर स्केटिंग चैम्पियनशिप में भाग लेने का अवसर मिलेगा।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के तहत सागर मित्रों की नियुक्ति की जाएगी। कोलीनपुर, स्वराज द्वीप, जंगलीघाट, गुप्तापाड़ा और छोलदारी में एक–एक पद के लिए विज्ञान विषय में बारहवीं पास उम्मीदवार निर्धारित प्रपत्र में इसके लिए आवेदन कर सकते हैं। अनुबंध के आधार पर की जाने वाली नियुक्ति के लिए चयनित उम्मीदवारों को प्रतिमाह पन्द्रह हजार रूपये की एकमुश्त राशि दी जाएगी। इच्छुक उम्मीदवार निर्धारित प्रपत्र में छः नवम्बर तक सहायक मत्स्य निदेशक, दक्षिण अंडमान अंचल मत्स्य कार्यालय के पते पर आवेदन कर सकते हैं।

<><><><><><><>

आकाशवाणी श्री विजयपुरम के समाचार वाचक व अनुवादक राकेश चन्दर लाल साढ़े अट्ठाईस साल से अधिक की सेवा के बाद कल सेवानिवृत्त हो गए। छब्बीस मार्च उन्नीस सौ छियानब्बे को उन्होंने श्री विजयपुरम में नियमित समाचार वाचक और अनुवादक के रूप में अपनी सेवा आरंभ की थी। वर्ष दो हजार दस से लेकर दो हजार बारह तक उन्होंने समाचार सेवा प्रभाग नई दिल्ली में अपने स्थानांतरण के दौरान राष्ट्रीय बुलेटिन पढ़ने का भी गौरव हासिल किया। कोरोना काल के दौरान लगातार ढाई महीने तक विशेष समाचार बुलेटिन का प्रसारण, दो हजार उन्नीस और दो हजार चौबीस के आम चुनाव में मतगणना केन्द्र से विशेष समाचार बुलेटिन का सजीव प्रसारण में उनका योगदान हमेशा याद किया जाएगा।

<><><><><><><>

इग्नू में असाइंमेंट जमा करने की अंतिम तिथि तीस नवम्बर तक बढ़ा दी गई है। विद्यार्थियों को निर्धारित प्रपत्र में अपने–अपने केन्द्र में असाइंमेंट जमा करना होगा। इस वर्ष दिसम्बर में आयोजित होने वाली टर्म एंड की परीक्षा में शामिल होने वाले विद्यार्थियों को ऐसा करना अनिवार्य है। परीक्षा संभवतः दो दिसम्बर से आरंभ होगी।

<><><><><><><>